NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-299, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 09 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# शुभेंदु आज से बंगाल के अधिकारी

## मुख्यमंत्री पद की ली शपथः दिलीप घोष समेत पांच नेता भी बनाए गए मंत्री

**कोलकाता।** सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया।

बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे।

शपथ समारोह में ढट मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई दी।



### पीएम मोदी भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता से मिले



प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का अभिनंदन किया और उनसे आशीर्वाद लिया। 1952 में, भारतीय तिरंगा फहराने के आंदोलन के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर में मौजूद माखनलाल सरकार को गिरफ्तार कर लिया गया था। 98 वर्ष की आयु में भी श्री माखनलाल सरकार स्वतंत्रतोत्तर भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी स्तर के नेताओं में से एक हैं।

### इन नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ

**1. दिलीप घोषः** खड़गपुर सदर सीट से दूसरी बार विधायक बन हैं। मेदिनीपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। वे बीजेपी के महासचिव और प्रदेशाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है।



**2. अग्निमित्रा पॉलः** अग्निमित्रा पॉल पश्चिम बंगाल की असनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक हैं। वे 2021 में पहली बार इस सीट से विधायक चुनी गई थीं। 2026 में दूसरी बार जीत दर्ज की। उन्होंने 2022 का आसनसोल लोकसभा उपचुनाव और 2024 का मेदिनीपुर लोकसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन दोनों चुनाव हार गईं।

**3. अशोक कीर्तनियाः** 52 साल के अशोक बनगांव उत्तर सीट से विधायक हैं। मतुआ समुदाय से आते हैं। राजनीतिज्ञ और व्यवसायी हैं।

**4.खुदीराम टूडूः** खुदीराम रानीबांध विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक हैं। वे पेशे से शिक्षक रहे हैं। 2026 विधानसभा चुनाव में उन्होंने टीएमसी उम्मीदवार तनुश्री हांसदा को हराकर जीत दर्ज की। खुदीराम टूडू ग्रेजुएट हैं और लंबे समय से आदिवासी इलाकों में संगठन के साथ सक्रिय रहे हैं।

**5. निषिथ प्रमाणिकः** निषिथ मथाभांगा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे 2026 में पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले 2019 में कूचबिहार लोकसभा सीट से सांसद रहे। केंद्र में गृह राज्य मंत्री व युवा मामलों और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री रह चुके हैं। हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## विजय की सरकार बनने पर अब भी पेंच, आज होने वाली शपथ कैंसिल




**चेन्नई।** तमिलनाडु में विजय सरकार बनाने पर राजनीतिक सस्पेंस अब भी बरकरार है। टीवीके चीफ और एक्टर विजय ने शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पेश किया, लेकिन उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था।

बहुमत का आंकड़ा न होने के कारण आज होने वाला विजय का शपथ समारोह कैंसिल हो गया है। दरअसल, विजय ने राज्यपाल को टीवीके, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई(एम) के 116 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा था। आईयूएमएल और वीसीके ने अब तक समर्थन पत्र नहीं दिया है। दोनों के पास 2-2 विधायक हैं। विजय को भी बहुमत के लिए महज 2 विधायक और चाहिए। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते। वीसीके चीफ थिरुमावलवन ने शुक्रवार सुबह सार्वजनिक रूप से कहा कि उनकी पार्टी टीवीके को समर्थन देगी। लेकिन देर रात तक राज्यपाल को समर्थन का औपचारिक पत्र नहीं सौंपा। इससे विजय की शनिवार को होने वाली सीएम पद की शपथ एक बार फिर टल गई। राज्यपाल कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार शाम को हुई बैठक में विजय के पास केवल 116 विधायकों का ही रिकॉर्ड था।

## पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी रेड

**चंडीगढ़।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शनिवार सुबह ईडी की रेड हुई है। सेक्टर दो में अरोड़ा के आवास पर सुबह करीब 20 गाड़ियों में टीम पहुंची है। मंत्री संजीव अरोड़ा पर महीने भर में ईडी की दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले उनके लुधियाना के ठिकानों पर दबिश हुई थी। वहीं इस रेड पर भड़के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने एक्स पर लिखा-आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब बीजेपी की ईडी उनके घर आई है, और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूँ कि पंजाब गुरुओं की धरती है; औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। यह भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया; इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। पंजाब, ईडी और भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन को खत्म कर देगा।



# मौसम का कहर: बिहार में बिजली-पेड़ गिरने से 9 लोगों की मौत

## उत्तर प्रदेश समेत 6 राज्यों में आंधी-बारिश; राजस्थान-एमपी में गर्मी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में शुक्रवार को बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं मध्य भारत में फिर से तेज गर्मी पड़ने लगी है।

बिहार के पटना समेत 7 जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौत राजधानी पटना में हुईं। आंधी में 600 से ज्यादा पेड़ भी गिर गए। उत्तर प्रदेश के आगरा और जालौन में बारिश हुई। मऊ में ओले भी गिरे। शनिवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। राजस्थान का बाड़मेर देश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा।



मध्य प्रदेश के 13 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को रतलाम में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इधर, गुजरात के अहमदाबाद में तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस और महाराष्ट्र के वाशिम में 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**10 मई:** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश के साथ बिजली गिरने का खतरा है।

**11 मई:** उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है।


पठानकोट, रूपनगर और एसएएस नगर (मोहाली) में अलग-अलग स्थानों पर आंधी चलने और बिजली गिरने की संभावना है।

दक्षिण और मध्य बिहार में आंधी-बारिश की संभावना।

### चंद्रनाथ हत्याकांड: यूपी से जुड़े तार

## बदायूं पहुंची पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम, फिर संभल में दी दबिश





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा के घोषित मुख्यमंत्री चेहरे और वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) की हत्या के मामले की जांच अब उत्तर प्रदेश तक पहुंच गई है। इसी सिलसिले में आरोपियों की तलाश करते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम शुक्रवार देर रात बदायूं पहुंची। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र में मिलने के बाद बंगाल पुलिस वहां दबिश देने के लिए रवाना हुई थी।

बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम को तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर गुन्नौर पहुंचना था, लेकिन पुराने प्रशासनिक रिकॉर्ड और जानकारी के चलते टीम भ्रमवश बदायूं पहुंच गई। दरअसल, गुन्नौर क्षेत्र पहले बदायूं जिले का हिस्सा हुआ करता था। बाद में संभल जिला बनने के बाद यह क्षेत्र उसमें शामिल कर दिया गया। इसी कारण पुलिस टीम सीधे बदायूं पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार देर रात पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अंकिता शर्मा से मुलाकात की और पूरे मामले की जानकारी साझा की। टीम ने हत्या मामले से जुड़े कुछ तकनीकी इनपुट और कॉल डिटेल संबंधी जानकारी भी स्थानीय पुलिस अधिकारियों को दी। इसके बाद आवश्यक जानकारी लेने और मार्ग स्पष्ट होने पर टीम संभल जिले के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद वहां की पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में कई राज्यों में दबिश दे रही है।

जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। इधर, देर रात बदायूं में अचानक पश्चिम बंगाल पुलिस के पहुंचने की सूचना से पुलिस महकमे में भी हलचल बनी रही। हालांकि स्थानीय स्तर पर किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। मामले को लेकर पुलिस अधिकारी फिलहाल ज्यादा जानकारी देने से बच रहे हैं।

## पीएम मोदी, गृहमंत्री, सीएम योगी ने किया महाराणा प्रताप को जयंती पर नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्र के महान योद्धा और वीरता एवं पराक्रम के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'देश के महान योद्धा और वीरता एवं पराक्रम के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना पूरा जीवन मातृभूमि के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनके अदम्य साहस और अटूट आत्मसम्मान की गाथाएं आने वाले युगों तक देशवासियों के हृदयों में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित करती रहेंगी।'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, 'अदम्य साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के शाश्वत प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती के अवसर पर मेरा विनम्र नमन।' उन्होंने कहा, 'भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और बलिदान के सर्वोच्च प्रेरणास्रोत महाराणा प्रताप ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण अपनी मातृभूमि, धर्म और संस्कृति की रक्षा और उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए समर्पित कर दिया। प्रतिकूल परिस्थितियों, अभावों और संघर्षों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।'

**हिंदुओं के सूर्य- मुख्यमंत्री योगी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'भारत माता के अमर सपूत, स्वतंत्रता की शाश्वत आवाज, त्याग और निस्वार्थता के तेजस्वी ध्वज, 'हिंदुओं के सूर्य' और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' आगे कहा, 'मातृभूमि की शान और गौरव की रक्षा में आपका अदम्य साहस और पूर्ण आत्मबलिदान आने वाले युगों तक भारतीय जनता को अन्याय के खिलाफ अडिग खड़े रहने और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित करता रहेगा।'

## किराना दुकान में लगी आग, तीन जिंदा जल

**चंपारण।** पूर्वी चंपारण जिले के ढाका प्रखंड अंतर्गत बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव में शुक्रवार देर रात भीषण अगलगी की घटना में दो मासूम बच्चों समेत तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और मातम का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव स्थित एक दो मंजिला होलसेल किराना दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी इमारत धू-धू कर जलने लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। हादसे में दो बच्चों और दुकान में काम करने वाले एक स्टाफ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आग लगने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें लगातार बढ़ती चली गईं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## ईरान-अमेरिका: इस्लामाबाद में अगले हफ्ते शांति वार्ता संभव

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने को लेकर अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर बातचीत शुरू हो सकती है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश मध्यस्थों के जरिए एक समझौता ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे एक महीने तक चलने वाली औपचारिक वार्ता का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित 14 बिंदुओं वाले ड्राफ्ट में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में तनाव कम करने और ईरान के एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को किसी दूसरे देश भेजने जैसे मुद्दे शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान की तरफ से जल्द जवाब मिलने की उम्मीद है। अगर बातचीत आगे बढ़ी तो सीजफायर को और लंबा किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अगर ईरान के साथ समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में फंसे व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम को फिर शुरू कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार इसे प्रोजेक्ट फ्रीडम प्लस के नाम से आगे बढ़ाया जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अगर सब कुछ तय नहीं हुआ और समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए, तो अमेरिका दूसरा रास्ता अपनाएगा।

# सड़क पर खत्म हुआ पूरा परिवार

## बुलंदशहर में बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, पांच की मौत

**बुलंदशहर।** नेशनल हाईवे 34 पर शुक्रवार शाम बहुत ही दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक ही बाइक पर सवार थे और खुर्जा से अपने गांव धमेड़ा कीरत लौट रहे थे। बाइक पर परिवार के पांच सदस्यों के अलावा बैग भी थे। इनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में अब एक दो साल का मासूम बचा है।

अगौता थाना क्षेत्र के गांव धमेड़ा कीरत निवासी ठाकुर उत्तम सिंह (40 वर्ष) उनकी पत्नी उर्मिला (36 वर्ष) बेटे निशांत (10 वर्ष), बेटी दिशा (8 वर्ष) के साथ मंगलवार को वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे। वे अपनी पांच वर्षीय बेटी नायरा को जाते समय वह



खुर्जा में साली के घर पर छोड़ गए थे। जाते समय उन्होंने अपनी बाइक साली के घर पर ही छोड़ दी थी। शुक्रवार को परिवार दर्शन करके ट्रेन से खुर्जा लौटा था।

खुर्जा स्टेशन से उत्तम परिवार के साथ अपनी साली के घर पहुंचे। यहां से उन्होंने बाइक ली और पांच वर्षीय बेटी को भी साथ लिया। दंपती ने बाइक पर दोनों बच्चों को बीच में बैठा लिया। छोटी बेटी नायरा को आगे टंकी पर बैठाया। दंपती, बच्चों के अलावा बाइक पर दोनों ओर भारी बैग बंधे हुए थे। एक बैग बाइक के हैंडल पर रखा था। जब परिवार नेशनल हाईवे-34 पर खेतलपुर भांसौली कट के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होने से दंपती और तीनों बच्चे सड़क पर जा गिरे। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण सभी लोगों के सिर में गंभीर चोट आई। प्रत्यक्षदर्शी शाह फैज ने बताया कि हादसे के करीब पांच मिनट के अंदर वह मौके पर पहुंच गए थे। सभी लोगों के सिर से खून बह रहा था। दंपती, निशांत और दिशा के शरीर में कोई हरकत नहीं थी। छोटी बच्ची के शरीर में हरकत दिखाई तो उन्होंने उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए गोद में उठाया। गोद में उठाते ही उसकी भी गर्दन लटक गई।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# पवित्र रहने दें ब्रज की भूमि

## संत प्रेमानंद बोले... ब्रज क्षेत्र में बिल्कुल नहीं बेची जानी चाहिए मदिरा और मांस

एनएनआई

**वृंदावन।** ब्रजक्षेत्र को मांस, मदिरा मुक्त करने का आह्वान करते हुए संत प्रेमानंद ने कहा इतना तो होना ही चाहिए कि वृंदावन, मथुरा और पूरे ब्रजक्षेत्र में मांस, मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित हो। यह पवित्र स्थल हैं, इन्हें पवित्र ही रहने दिया जाए।

सोशल मीडिया पर संत प्रेमानंद का वीडियो प्रसारित हो रहा है। संत समाज ब्रज को मांस, मदिरा मुक्त करने की लंबे समय से मांग करता आया है। परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा केलिकुंज में आयोजित दैनिक सत्संग में देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए संत प्रेमानंद ने कहा, ब्रजक्षेत्र पवित्र स्थल है, यह भगवान श्रीराधा-कृष्ण की लीलाभूमि है।



जिस भूमि पर भगवान श्रीराधाकृष्ण ने अपनी लीलाएं कीं, उस पवित्र क्षेत्र में मांस, मदिरा न बिके इसकी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। जब पूरा ब्रजक्षेत्र मांस, मदिरा की बिक्री से मुक्त हो जाएगा। इसकी पवित्रता बनी रहेगी।

पिछले वर्ष नवंबर में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पदयात्रा के समापन समारोह में ब्रज को मांस, मदिरा मुक्त करने की अपील प्रदेश सरकार से की थी। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा था कि श्रीराधाजी के भक्त संत प्रेमानंद जिनके प्रवचनों से देश दुनिया के युवा प्रेरित होकर सनातन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उनकी रात्रिकालीन पदयात्रा के बीच में शराब की दुकान सनातन और सनातनियों की भावनाओं को आहत करती है।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बड़ा एक्शन

## तीन डॉक्टरों पर हुई कार्रवाई; मेडिकल रिपोर्ट में किया था खेल

एनएनआई

**मथुरा।** उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट बनाने पर जिला अस्पताल और राल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात तीन डॉक्टरों को गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए दंडित किया है।

जिला चिकित्सालय में तैनात दो डॉक्टरों पर मेडिकल रिपोर्ट के साथ खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप सिद्ध हुए हैं। मामला स्थानीय झगड़े और मारपीट से जुड़ा है।

जिसमें इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र कुमार और सर्जन डॉ. विकास मिश्रा द्वारा दो व्यक्तियों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया था। जांच में पाया गया कि इन दोनों डॉक्टरों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार की।

उपमुख्यमंत्री ने इसे कर्तव्य के प्रति बड़ी चूक और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली लापरवाही माना



है। अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) ने डॉ. देवेंद्र कुमार और डॉ. विकास मिश्रा के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

राल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश सिंह पर भी कार्रवाई हुई है। डॉ. सिंह को चिकित्सकीय कार्यों एवं अपने सरकारी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया। डॉ. राकेश सिंह को परिनिंदा का दंड प्रदान किया है।

## पुलिस ने रायफल-तमंचे के साथ आरोपी दबोचा

**फिरोजाबाद** एनएनआई। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिरसागंज थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को भारी मात्रा में अवैध असलहों और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त पूर्व में भी हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मुकदमों में संलिप्त रहा है।



## नए डीएम संतोष कुमार शर्मा ने चलाया स्वच्छता अभियान

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शनिवार सुबह जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं फावड़ा लेकर झाड़ियों की सफाई की।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि जहां साफ-सफाई रहती है, वहां का वातावरण सकारात्मक और मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने जोर दिया कि प्रसन्न मन से किए गए कार्य के परिणाम बेहतर होते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने कार्यालयों तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अभियान का उद्देश्य जिला मुख्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी था। डीएम ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान अब हर सप्ताह चलाया जाएगा, जिससे स्वच्छता के प्रति लोग जागरुक हो, कार्यालय को साफ-सुथरा रखें। जहां गंदगी मिलेगी वहां पर कार्रवाई भी की जाएगी। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वच्छता रखना उनकी जिम्मेदारी है।

अभियान में मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघ्न वैश्य, एडीएम विशु राजा सहित जिले के कई एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया।



# ट्रांसपोर्टर की मौत हादसे में नहीं, हुई थी हत्या

एनएनआई

- ट्रांसपोर्टर हत्याकांड के खुलासे के करीब पहुंची पुलिस
- गोशाला कर्मचारी के नाम ली गई थी गाड़ी ,
- मुकदमा हत्या की धारा में किया जाएगा तरमीम

**आगरा।** अजमन ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक असगर अली की मौत सड़क हादसे में नहीं हुई थी बल्कि साजिश के तहत कार से टक्कर मारकर उनकी हत्या की गई थी। पुलिस की विवेचना इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जा रहा है। पुलिस रवि यादव और प्रेम नारायण को मुकदमे में आरोपी बना रही है। उनकी तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस को खबर मिली है कि रवि यादव प्रयागराज पहुंच गया है। पुलिस से बचने के लिए कोर्ट की शरण में जा सकता है।

मेवाती गली, भोगीपुरा शाहगंज निवासी असगर अली को चार अप्रैल की सुबह तेज रफ्तार कार ने उड़ा दिया था। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने इस घटना का मुकदमा कई दिन बाद लिखा था। परिजन पहले दिन से हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने एक्सीडेंट का मुकदमा लिखा था। बेटे डॉ. सजमन अली ने मुकदमे में जीएसटी अधिकारी निवेदिता सिंह, उनके पति अजय सिंह, दिनेश सोलंकी, रवि यादव और कामरान वारिसी पर शक जाहिर किया था। पुलिस ने जांच शुरू की। रवि यादव की लोकेशन घटना के वक्त घटना स्थल पर मिली। सीसीटीवी फुटेज से कार की जानकारी हुई। कार जालौन निवासी प्रेम नारायण के नाम थी। उसने भी दिल्ली में रहने वाले किसी व्यक्ति से खरीदी थी। पुलिस ने प्रेम नारायण की कुंडली खंगाली। जानकारी हुई कि प्रेम नारायण तो हरीपर्वत क्षेत्र स्थित एक गोशाला में कर्मचारी है। कार आगरा में ही रहती थी। इस खुलासे ने पुलिस के होश उड़ा दिए। पुलिस के हाथ सुराग तो कई लगे हैं, लेकिन पुलिस खामोश है। महिला जीएसटी अधिकारी निवेदिता सिंह और उनके पति पर शक जाहिर करने की वजह से मामला हाई प्रोफाइल हो गया है। दोनों अधिकारियों की सिफारिशों में ऊपर से कई फोन आ चुके हैं।

## रवि पर कार चलाने का शक

पुलिस यह मानकर चल रही है कि जिस गाड़ी से ट्रांसपोर्टर को उड़ाया गया वह रवि यादव चला रहा था। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे हैं , लेकिन पुलिस उनका खुलासा नहीं कर रही है। पुलिस महकमे में चर्चा है कि घटना का परत दर परत खुलासा शायद नहीं हो। रवि और प्रेम नारायण को मुख्य आरोपी बनाया जाएगा। पुलिस की जांच इससे आगे नहीं बढ़ेगी। ज्यादा से ज्यादा कामरान वारिसी को इसमें एक और आरोपी बनाया जा सकता है।

# तेज धमाके के साथ फटे 2 सिलेंडर, घर में लगी आग





एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आए दो रसोई गैस सिलेंडरों में धमाका हो गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल आए।

घटना ट्रांस यमुना क्षेत्र के फाउंड्री नगर स्थित गणेश नगर की है। पुलिस के अनुसार, यहां निवासी देवेंद्र कुमार के मकान में शनिवार को अचानक आग लग गई। उस समय परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। आग की लपटें उठती देख सभी लोग तुरंत बाहर निकल आए और किसी तरह अपनी जान बचाई।

देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर के अंदर रखे दो रसोई गैस सिलेंडर भी आग की जद में आ गए। इसी दौरान एक सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। विस्फोट से मकान का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा अधिकांश घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

आग लगने की सूचना मिलते ही बजरंग दल कार्यकर्ता अनिल शर्मा सबसे पहले मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्होंने आसपास के घरों में लगी समरसेबिल चलवाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कराया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अनिल शर्मा और स्थानीय लोगों ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

**आगरा** एनएनआई। आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। दीवानी न्यायालय परिसर में लगने वाली इस लोक अदालत में बैंक ऋण, वाहन चालान, बिजली बिल और अन्य लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने 7.35 लाख से अधिक मामलों को निपटाने का लक्ष्य तय किया है। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मा. संजय कुमार मलिक ने राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# सिकंदरा पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा




एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा पुलिस और सर्विलांस सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग लीडर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों की गिरफ्तारी अंसल टाउन के पास से की गई। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया गिरोह जनपद स्तर पर सक्रिय था और शहर के विभिन्न इलाकों से बाइक व अन्य दोपहिया वाहन चोरी कर उन्हें कम कीमत में बेचने का काम करता था। गिरोह काफी समय से पुलिस की निगरानी में था। सर्विलांस टीम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, जिसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। पुलिस को आशंका है कि गिरोह के तार अन्य जिलों से भी जुड़े हो सकते हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी के वाहन और अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वाहन चोरी, गैंगस्टर एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं। गिरोह का सरगना लंबे समय से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में केस दर्ज हैं।

# पुलिस के केस ठोंकने पर आयुक्त के दरबार में पहुंचे पीड़ित

- 33 माह पूर्व बीडीओ ने भी दर्ज कराया था ब्लाक कार्यालय में तालाबंदी करने का मुकदमा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** हाइवे पर ओवरब्रिज निर्माण एवं स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं के समाधान को निषेधाज्ञा में बिना अनुमति जुलूस निकालकर सड़क जाम करने के आरोप में स्थानीय पुलिस के मुकदमा ठोंकने पर सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के दरबार में आगरा पहुंच गए। वह इस मामले में थाना घेराव की चेतावनी पुलिस को दे चुके हैं। फिलहाल उन्होंने पुलिस आयुक्त को मुकदमा खत्म करने को मांग करते हुए ज्ञापन दिया है। 33 माह पूर्व ब्लाक कार्यालय पर प्रदर्शन पर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान द्वारा भी उनके खिलाफ मुकदमा लिखाया गया था, जिसका सामना वह और संगठन के अन्य पदाधिकारी न्यायालय में कर रहे हैं।



पुलिस आयुक्त दीपक कुमार को उनके कार्यालय में दिए गए ज्ञापन में बरहन रोड पर 30 अप्रैल को किए गए प्रदर्शन पर थाना पुलिस और छलेसर में दो मई को स्मार्ट मीटर उखाड़ कर क्षतिग्रस्त करने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर उप खंड अधिकारी विद्युत द्वारा लिखाए गए मुकदमा को समाप्त किए जाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि थाना पुलिस द्वारा 30 मई को बरहन रोड पर प्रदर्शन करने पर लगाए गए मुकदमा से पहले भी 33 माह पूर्व ब्लाक के तत्कालीन खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान की ओर से 31 जुलाई 2023 को सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 504, 353, 342, 147 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था, जिसकी सुनवाई प्रक्रिया जिला एवं सत्र न्यायालय आगरा में चल रही है। इस पंजीकृत केस के मुताबिक 27 जुलाई 2023 को अपरान्ह 12.30 बजे अंशुमन ठाकुर ने सौ से अधिक लोगों के साथ ब्लाक कार्यालय का घेराव किया। केस में आरोप लगाया गया है कि मौके पर उपस्थित भीड़ को उकसाकर अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी कराई एवं निराधार आरोप लगाए। इसके साथ ब्लाक कार्यालय में ताला लगाकर सरकारी कामकाज में बाधा डाली एवं कार्यालय कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। भीड़ को उकसाने, सरकारी कार्यालय का घेराव करने, कार्यालय में तालाबंदी करने, सरकारी कामकाज में बाधा डालने एवं सरकारी अधिकारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोपों में यह मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

# भविष्य के लिए मिला करियर और ज्ञान का व्यावहारिक मार्गदर्शन

- कक्षा 11 एवं 12 के कॉमर्स, विज्ञान तथा मानविकी वर्ग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विवेकानंद परिसर स्थित गृह विज्ञान संस्थान, खंदारी में विद्या मंदिर विद्यालय, बल्केश्वर के कक्षा 11 एवं 12 के कॉमर्स, विज्ञान तथा मानविकी वर्ग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के निदेर्शानुसार गृह विज्ञान संस्थान की निदेशिका प्रो. अचला गक्कड़ ने संपन्न कराया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान गृह विज्ञान संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा विद्यार्थियों को विषयों की उपयोगिता, शोध, व्यावहारिक कार्यों एवं भविष्य में उपलब्ध करियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आहार एवं पोषण विभाग में डॉ. रश्मि शर्मा ने विद्यार्थियों को शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ये विषय पोषण विज्ञान की मजबूत आधारशिला हैं।

उन्होंने मानव शरीर में पोषक तत्वों की भूमिका, पाचन प्रक्रिया, स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के महत्व को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया।डॉ. प्रीति यादव ने परिवार संसाधन प्रबंधन विभाग के अंतर्गत इंटीरियर डिजाइनिंग, संसाधन प्रबंधन तथा उससे जुड़े रोजगारपरक अवसरों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रसार शिक्षा विभाग के माध्यम से सामुदायिक विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सामाजिक कार्यों से संबंधित विभिन्न संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त डॉ. दीप्ति सिंह एवं डॉ. प्रिया यादव ने विद्यार्थियों को आहार एवं पोषण विभाग की प्रयोगात्मक गतिविधियों एवं रोजगारपरक अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में विद्यार्थी डाइटिशियन, न्यूट्रिशनिस्ट, फूड इंस्पेक्टर, रिसर्चर तथा स्वास्थ्य सलाहकार के रूप में अपना भविष्य बना सकते हैं।

# उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए शहर की पांच महिलाएं हुई सम्मानित

## आशियाना महिला समिति ने मनाया स्थापना दिवस

- स्वर कोकिला आशा भोसले को समर्पित किया 15वां स्थापना दिवस समारोह

एनएनआई




**आगरा।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आज कई मंच आगे आ रहे हैं। इनमें से एक आशियाना महिला समिति है, जहां महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य पर जागरूक करती है और प्रशिक्षित करके महिलाओं के उत्थान की ओर कदम बढ़ा रही है। ये कहना था सोमवार को सदर स्थित आगरा क्लब में आशियाना महिला समिति के 15वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान का। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सरकारी योजनाओं पर चर्चा की। अध्यक्ष डॉ. सरोज प्रशांत ने बताया कि समिति का हर कदम महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वो समाज की मुख्य धारा में शामिल हो समाज की उन्नति में साथ दें सके। खुद के पैरो पर खड़ी महिला किसी के सहारे की मोहताज नहीं होती। मनोज बल ने बताया कि स्थापना दिवस पर शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में कर कार्य रही प्रतिभाशाली पांच महिलाओं को अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. माया श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर कोकिला स्व. आशा भोसले को समर्पित कार्यक्रम में पारुल गुप्ता, रश्मि रायजादा और कविता भटनागर ने सदाबहार गीत गाकर संगीतमय श्रद्धांजलि दी। चंद्रावती इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। सचिव मंजू मित्तल ने समिति की गत वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद डॉ. प्रमिला चावला ने दिया। इस अवसर पर संरक्षक शारदा गुप्ता, बीना पोद्दार, अर्निमा भार्गव, इंदु जैन, सरोज गारव, आशा चोपड़ा, आरती मल्होत्रा, प्रतिभा, साधना आदि मौजूद रहे। महिलाओं को प्रेरित कर उनका हौसला बढ़ाने के लिए आशा का अग्रदूत श्रेणी में कीर्ति तिवारी, काव्या जैन, शिल्पा भाटिया, पूजा आहूजा कालरा और मुंजल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# एमआरपी के नाम पर लूट बंद हो, ग्राहक पंचायत ने उठाई आवाज

## सख्त कानून बनाने की मांग, 25 मई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान

- दवाइयों, कॉस्मेटिक और पाठ्य सामग्री में मनमाने दाम वसूलने का आरोप

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की आगरा इकाई ने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के नाम पर हो रही कथित लूट के खिलाफ आवाज उठाई है। संगठन की ओर से शुक्रवार को जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर सख्त कानून बनाने की मांग की गई। जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि विभिन्न कंपनियां उत्पादों पर मनमाने तरीके से एमआरपी अंकित कर उपभोक्ताओं का शोषण कर रही हैं। संगठन ने मांग की कि एमआरपी को तर्कसंगत और मानक आधारित बनाया जाए, ताकि ग्राहकों को राहत मिल सके। जिला अध्यक्ष पार्षद मुरारी लाल गोयल ने कहा कि दवाइयों, पाठ्य सामग्री, कॉस्मेटिक और अन्य वस्तुओं में वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक एमआरपी छापी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि कुछ दवाओं और चिकित्सा सामग्री पर 200 से 1000 प्रतिशत तक अधिक कीमत अंकित की जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार 267 रुपये एमआरपी वाला ड्रिप सेट खुदरा बाजार में 70 रुपये तक में मिल जाता है। इसी तरह 100 पेज की पाठ्य पुस्तकें भी अत्यधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। ग्राहक पंचायत ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जिलों के माध्यम से राज्यों के मुख्यमंत्रियों और संबंधित मंत्रालयों तक ज्ञापन पहुंचाए जाएंगे। संगठन ने 25 मई 2026 को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय जिला पंचायत के जिला अध्यक्ष पार्षद मुरारी लाल गोयल, हरि ओम गोयल,ब्रज प्रांत,अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल,प्रान्त सचिव इन्द्र भूषण कुलश्रेष्ठ,प्रांत कोषाध्यक्ष अशोक बाबू गुप्ता आदि रहे।



# डॉ. बीआर आंबेडकर विवि बना डिजिटल जनगणना जागरूकता का केंद्र

## प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर स्थित एस.आर. रंगनाथन केंद्रीय पुस्तकालय में संचालित जनगणना डाटा सेंटर द्वारा आमजन एवं विश्वविद्यालय परिवार की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इसके अंतर्गत अब विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहरवासी भी सेंटर पर पहुंचकर जनगणना 2027 के प्रथम चरण में हाउस होल्ड डाटा की जानकारी निश्शुल्क अपलोड कर सकेंगे। यह पहल डिजिटल भारत की अवधारणा को मजबूत करने के साथ नागरिकों को तकनीक के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम मानी जा रही है।

कार्यक्रम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस होल्ड सूचना की डाटा फीडिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखनऊ से आए असिस्टेंट सेंसस डायरेक्टर गोविंद सोनी ने डाटा सेंटर के प्रतिनिधियों को डिजिटल माध्यम से हाउस होल्ड डाटा फीडिंग की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई। उन्होंने बताया कि आज का समय डिजिटल जागरूकता एवं सहभागिता का है, और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी देश के विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑनरेरी लाइब्रेरियन प्रो. मो. अरशद के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का जनगणना डाटा सेंटर समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहां विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ आम नागरिक भी अपनी हाउस होल्ड संबंधी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम भी है। डिजिटल स्व-गणना जैसी पहलें नागरिकों में जिम्मेदारी, जागरूकता एवं आत्मविश्वास का विकास करती हैं तथा देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कलेक्ट्रेट में संकल्प सेवा संस्था ने शुरू की जलसेवा

- घड़े का शीतल जल कंठ को शीतल कर स्वास्थ्य लाभ भी करता है : डॉ. डीवी शर्मा



एनएनआई

**आगरा।** संकल्प सेवा संस्था ने अपने जल सेवा के 14वें वर्ष कलेक्ट्रेट के परिसर में घड़ों में शुद्ध आर.ओ. के शीतल जल की निशुल्क प्याऊ शुरू की, जो सितंबर माह के अंत तक अनवरत इस भीषण गर्मी में यात्रियों की प्यास बुझाएगी।

आज एक संक्षिप्त कार्यक्रम का शुभारंभ आजाद भगत सिंह (ए डी एम ए) डॉ. डीवी शर्मा (संरक्षक संकल्प सेवा संस्था),अशोक चौबे (डीजीसी रेवेन्यू) एवं हरीश बत्रा एडवोकेट ने भारतमाता के चित्र पर दीपक जला,माल्यार्पण कर किया। आजाद भगत सिंह ने कहा कि जल है तो कल है आगरा कलेक्टरेट परिसर में इस भीषण गर्मी में आम जनता के लिए संस्था का प्रयास अनुकरणीय है एवं संस्था बधाई की पात्र है।

डॉ. डी वी शर्मा ने घड़े के शीतल जल को प्राकृतिक बताया एवं कहा कि घड़े का शीतल जल न केवल लंबे समय के लिए प्यास बुझाता है वहीं स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। एवं उन्होंने सभी संस्था के सदस्यों का पटका पहना कर स्वागत किया एवं बधाई दी।

संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने कहा कि जलसेवा-नारायनसेवा का संस्था का संकल्प लगातार 14 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है।सभी प्याऊ सितंबर माह के अंत तक प्रतिदिन अनवरत चलेंगी और शीघ्र ही अन्य स्थानों पर जलसेवा शुरू की जाएगी।मानव जलसेवा के साथ पशुओं और पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में ब्रजेश पंडित,कार्तिकेय खंडेलवाल,अर्जुन सिंह,पद्मावती बघेल,रवि चौबे एडवोकेट,कुलदीप शर्मा,पवन समाधिया,गिरीश कटारा एडवोकेट,अमल शर्मा,अंशुल पंडित,मुरारी धाकरे,सलमान अब्बास उपस्तिथ रहे।

# किसानों की आर्थिक उन्नति और ग्रामीण विकास में बैंकिंग की महत्वपूर्ण भूमिका:कालका प्रसाद



- पंजाब नेशनल बैंक ने 15 करोड़ रुपये तक के कृषि ऋण स्वीकृत किए
- मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम में किसानों को मिली बड़ी सौगात

एनएनआई

**आगरा।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा अन्नपूर्णा सेवा सदन, हाथरस रोड, सादाबाद में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाते हुए दीर्घकालिक कृषि अवसंरचना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर आगरा, हाथरस एवं अलीगढ़ जनपदों से बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर विभिन्न कृषि योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी जनरल मैनेजर कालका प्रसाद, चेयरमैन सादाबाद हेमलता अग्रवाल, राधा रमण अग्रवाल, डिप्टी जोनल हेड अनिल कुमार अनल तथा सर्किल हेड संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर किसानों को कृषि विकास, डेयरी, कृषि उपकरण, सिंचाई एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये तक के ऋण स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तीकरण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की भी जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि कालका प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों की आर्थिक उन्नति एवं ग्रामीण विकास में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक सदैव किसानों के हित में कार्य करता रहा है और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक द्वारा निरंतर सरल एवं सुलभ ऋण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और बैंकिंग योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

# प्रगतिमान मेट्रो कार्य के कारण आईटीएमएस जंक्शन प्रभावित

- आगरा स्मार्ट सिटी की 40वीं बोर्ड की हुई बैठक

एनएनआई



**आगरा।** मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में आगरा स्मार्ट सिटी की 40वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम विगत 39वीं बोर्ड बैठक की पुष्टि करते हुए अध्यक्ष द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि स्मार्ट सिटी द्वारा स्थापित किए गये 63 एटीसीएस जंक्शन में से 15 जंक्शन प्रभावित हैं, जो वर्तमान में काम नहीं कर रहे हैं। आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गये कि इन्हें ठीक कराने के लिए आवश्यक धनराशि की मांग के लिए शासन से पत्राचार किया जाए। अवगत कराया गया कि जगह-जगह प्रगतिमान मेट्रो कार्य के कारण कई आईटीएमएस जंक्शन प्रभावित हैं। जिसके चलते इन जंक्शनों पर लगे स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे से ट्रैफिक वायलेंस और जनित चालान की संख्या में कमी आई है। वहीं जनित चालानों के सापेक्ष बहुत कम जुर्माने की वसूली हुई है। आयुक्त ने जिलाधिकारी को स्मार्ट सिटी, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ आदि सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक करने तथा आईटीएमएस से जनित चालानों की शत प्रतिशत वसूली करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिए।

# व्यावसायिक सिलेंडर के बढ़े हुए दाम वापस लेने की मांग

- छोटे व्यापारियों का व्यवसाय करने में पैदा हो रही है दिक्कत

एनएनआई



**आगरा।** व्यावसायिक गैस सिलेंडर की उपलब्धता न होने के कारण कुटीर घरेलू ,लघु उद्योग तथा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग का व्यापार करने वाले, डेरी वाले तथा फेरी में ठेलों पर खाने पीने का सामान बेचने वाले व्यक्तियों का कारोबार बंदी के कगार पर होने से उनके सामने भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया है । केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2026 से व्यावसायिक गैस सिलेंडर का रेट अचानक 2080 से 977 रुपए प्रति सिलेंडर बढाकर 3171 रुपए प्रति सिलेंडर कर दिया है। इस संबंध में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को दिया। महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय ने कहा है कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता कराये जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की बुकिंग घरेलू गैस सिलेंडर की भांति ऑनलाइन किये जाने की व्यवस्था करने के आदेश पारित करने की कृपा करें केंद्र सरकार को निर्देशित करें कि वह गैस के वैकल्पिक संसाधनों की खोज के लिए लिए अनुसंधान कमेटी का गठन करें । महंगाई और कालाबाजारी को रोकने के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर की बढ़ाई गई दरें तुरंत वापस लेने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें। सुरेश लवानिया महानगर कोषाध्यक्ष ने बताया कि विवाह शादी व फंक्शन के लिए मांग अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने पर आदेश पारित करने की कृपा करें । अस्पतालों व स्कूलों को उनकी आवश्यकता अनुसार व्यावसायिक गैस उपलब्ध कराई जाए। गोदाम से गैस डिलीवरी लेने पर कंपनियों द्वारा एजेंसी को दिया गया भाड़ा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के बिलों में कम करने के आदेश पारित करने की कृपा करें जिसका लाभ उपभोक्ता को मिल सके । निशा चौधरी (महिला महानगर अध्यक्ष) ने कहा कि महंगाई को रोकने के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर पर जी.एस.टी. की दरें 18% के स्थान पर 5% की जाए ज्ञापन देने में नरेश पाण्डेय (महानगर अध्यक्ष), सुरेश लवानिया (कोषाध्यक्ष), कपूर चंद्र रावत, अरुण गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, संजय गुप्ता, उस्मान अगाई, संतोष गुप्ता, एम खान,प्रवेंद्र पंडित,निशा चौधरी, राजीव जैन, वीरेंद्र सिंह बंटी, सगीर खान, राजेश दिवाकर, कदीर खान, अरुण मिश्रा, इरफान खान, रोहन दिवाकर,चांद अल्वी, आदि उपस्थित रहे ।

# डीएम ने देखा बटेश्वर कॉरिडोर का निर्माण कार्य

## ऐतिहासिक मंदिर श्रृंखला घाट पर किया जाएगा पब्लिक अलाउंस सिस्टम स्थापित, घाटों पर होगी हाईमास्ट लाइट

- सभी मंदिरों का सहेजा जाएगा इतिहास, प्रत्येक मंदिर का नाम,उसका इतिहास तथा मंदिर संबंधी जानकारी प्रदान करने वाले लगाए जाएंगे स्टोन साइनेज
- मंत्रोच्चार के साथ बटेश्वर स्थित ब्रह्मलाल जी मंदिर में की पूजा अर्चना,घाटों व मंदिर परिसर की नियमित साफ सफाई के दिए सख्त निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने तीर्थधाम बटेश्वर में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कराए जा रहे बटेश्वर नाथ मंदिर कॉरिडोर कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य, निर्माणाधीन यज्ञशाला, प्रवेश द्वार,मल्टीपरपच हॉल, पाथवे, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि का निरीक्षण किया तथा पर्यटन व संस्कृति विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि तीर्थधाम बटेश्वर में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकास करा रहा है।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने बटेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास हेतु प्रस्तावित मास्टर प्लान/साइट प्लान को देखा तत्पश्चात संरक्षित हो रहे यमुना के घाट, मंदिरों के संरक्षण का काम देखा। विकसित हो रहे मंदिर कारीडोर कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य, निर्माणाधीन यज्ञशाला, प्रवेश द्वार,मल्टीपरपच हॉल, पाथवे, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता की जांच उच्च क्वालिटी की निर्माण सामग्री का प्रयोग करने तथा सभी कार्यों को दी गई टाइम लाइन के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यमुना किनारे बने ऐतिहासिक मंदिर श्रृंखला में कराए गए हेरिटेज कंजर्वेशन कार्य का गहनता से निरीक्षण किया जिसमें बताया गया कि 13 मंदिरों के जीर्णोद्धार के कार्य को लिया गया था, जिलाधिकारी ने अन्य शेष मंदिरों के हेरिटेज कंजर्वेशन कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी मंदिरों के नाम, उनका इतिहास मंदिर संबंधी जानकारी मानकानुसार साइनेज डिजाइन पर स्थापित करने के निर्देश दिए, जिसमें बताया गया कि सभी मंदिरों का बीजक के रूप में इतिहास दर्ज है उपरोक्तानुसार जल्द साइनेज का कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी मंदिरों में फसाड लाइटिंग, यमुना घाटों पर बनारस की तर्ज पर हाई मास्क लाइटिंग तथा सभी घाटों में दिखाई दे रहे गैप को समाप्त कर घाटों को एकीकृत करने का कार्य तथा एक सेंट्रलाइज्ड पब्लिक अलाउंस सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए जिससे कि विशेष पर्व, स्नान, मेले आदि अवसरों पर व्यवस्था बनाने तथा संगीतमय भजन आदि हेतु उपयोग किया जा सके। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने प्राचीन मंदिरों के हेरिटेज कंजर्वेशन के अंतर्गत मंदिरों में लगाए गए दरवाजों की क्वालिटी पर नाराजगी जताई तथा दरवाजे बदलने के निर्देश दिए उन्होंने संबंधित को काष्ठ कला एक्सपर्ट से सलाह लेकर मंदिरों के इतिहास तथा संस्कृति अनुरूप उच्च गुणवत्ता की लकड़ी के दरवाजे लगाने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था सी एंड डीएस द्वारा भारत सरकार की सहायता से बनाए जा रहे टूरिस्ट इन्टरप्रिटेशन, लाइट एण्ड साउण्ड शो एरिया, म्यूरल वाल, टिकट काउन्टर, कन्ट्रोल रूम, आर्केड वाल, बाउण्ड्री एवं टायलेट ब्लाक, डोरमेट्री, प्रसाद मंडपम, म्यूजियम ब्लॉक इत्यादि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश निर्माण में लगी एजेंसी को दिए। जिलाधिकारी ने घाटों व मंदिर परिसर की नियमित साफ सफाई के संबंधित को सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ब्रह्मलाल जी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की।

# महाराणा प्रताप का गूंजेगा शौर्य, निकलेगी शोभायात्रा

एनएनआई



**आगरा।** स्वाभिमान के राष्ट्रीय प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप शोभायात्रा आयोजन समिति, राजपुर चुंगी, शमशाबाद रोड आगरा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

जयंती आयोजन को सफल, सार्थक, भव्य, विशाल और व्यापक बनाने के लिए प्रचार-प्रसार के साथ दिन रात तैयारी में जुटे समाजसेवियों ने शुक्रवार को संजय प्लेस स्थित आहार रेस्टोरेंट में शोभायात्रा का आकर्षक आमंत्रण पत्र जारी करके शहर वासियों को शोभायात्रा में शामिल होने का आत्मीय निमंत्रण दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष समाजसेवी कुंवर युवराज सिंह परिहार ने आगरा वासियों को शोभा यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए कहा कि महापुरुष किसी एक कौम, जाति, क्षेत्र, वर्ग, मजहब या समाज के नहीं होते, उनमें सबकी श्रद्धा होती है।

संरक्षक व समाजसेवी पप्पू राघव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के अनुपम प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई, शनिवार को शाम 4:00 बजे विभव नगर स्थित चौधरी गार्डन से शमशाबाद मार्ग स्थित टीवी टावर के सामने जीएल फॉर्म हाउस तक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बैंड बाजों, तोप, घोड़ों और ऊँटों के साथ 21 झाँकियाँ शौर्य, साहस, स्वाभिमान, श्रद्धा, सद्भाव, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन को प्रदान करेंगी।

संस्थापक-संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी धनवीर सिंह तोमर ने बताया कि शोभायात्रा में आगरा और आगरा के आसपास विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों और तहसीलों से भी क्षत्रिय समाज की भारी संख्या में भागीदारी रहेगी। शोभायात्रा के आमंत्रण पत्र विमोचन समारोह में ब्रजमोहन तोमर, विजय सिंह तोमर, हरिशंकर जसावत, महेंद्र सिंह रघुवंशी, वीरेंद्र रघुवंशी, प्रदीप सिकरवार, ललित रघुवंशी, डॉ. राकेश सिकरवार, अशोक भदौरिया, थान सिंह, चोब सिंह, गजेंद्र परिहार, विक्रम सिंह, राजेश तोमर, राजवीर सिंह, सोमवीर, जसवंत, रवीन्द्र, हेमंत, लाल सिंह और पृथ्वी पाल सिंह भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गजेंद्र परमार ने संचालन किया।

# जिलाधिकारी ने की प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 'प्रोजेक्ट अलंकार योजना' के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संचालित वृहद निर्माण एवं बाउंड्रीवाल कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालयों के अनुरक्षण और बुनियादी ढांचे के सुधार कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर गति दी जाए। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, खेरागढ़ के नवीन भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत 868.28 लाख के संशोधित आगणन की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने जनपद के कलाल खेरिया, कोरई और पिनाहट में नवनिर्मित तीन राजकीय बालिका छात्रावासों को जल्द क्रियाशील करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रावासों के लिए फर्नीचर एवं बेडिंग की खरीद और स्टाफ की तैनाती की प्रक्रिया को जेम पोर्टल व शासनादेश के नियमों के तहत अविलंब पूर्ण करने को कहा ताकि बालिकाओं को जल्द लाभ मिल सके।

# विवि ने किया समर्पित सेवाओं को सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जुबली हॉल, पालीवाल पार्क परिसर में कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में कुलसचिव कार्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी सुरेन्द्र पाल सरीन के सेवानिवृत्त उपलक्ष्य में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

सुरेन्द्र पाल सरीन ने वर्ष 1986 में कुलपति सचिवालय से अपनी सेवाओं की शुरूआत की थी। अपने लगभग चार दशक लंबे सेवाकाल में उन्होंने संबद्धता, परीक्षा, लेखा, आईटी तथा कुलसचिव कार्यालय सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ कार्य किया। वे अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि सरीन जी ने अपनी कर्मठता एवं समर्पण से विश्वविद्यालय प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनके कार्य और व्यवहार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे। कुलसचिव अजय मिश्रा ने कहा कि सरीन जी ने लंबे समय तक कुलसचिव कार्यालय में अत्यंत जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य किया। उनका सरल स्वभाव, प्रशासनिक अनुभव एवं सहयोगी भावना सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। कार्यक्रम में सरीन जी की धर्मपत्नी एवं उनकी सुपुत्री भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# गांव-गांव तक पहुंचेगा कौशल विकास अभियान

**आगरा एनएनआई।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण, एसएसडीएफ, डीडीयू-जीकेवाई और जीरो पॉवर्टी अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर मिशन निदेशक पुलकित खरे ने आगरा मंडल के जनपदों के जिला समन्वयकों और एमआईएस प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, निरीक्षण व्यवस्था, नामांकन, प्लेसमेंट और पारदर्शिता जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य केवल आंकड़े जुटाना नहीं, बल्कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से



जोड़ना है।

मिशन निदेशक ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण के बजट को 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया गया है। नई शिक्षा नीति में कक्षा 6 से व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में इसे प्रभावी रूप से कक्षा 9 और 11 में लागू किया गया है, ताकि एकेडमिक सत्र के भीतर प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी ट्रेड - जैसे मेकअप, आईटी या डेयरी फार्मिंग का चयन ट्रेनिंग पार्टनर्स के दबाव में नहीं, बल्कि छात्रों की रुचि और स्थानीय सर्वे के आधार पर किया जाए।

# स्मार्ट मीटर व बिजली बिलों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

एनएनआई

**फतेहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के बैनर तले शुक्रवार को विद्युत विभाग फतेहाबाद कार्यालय पर किसानों, उपभोक्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों की समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अत्यधिक बिजली बिल आ रहे हैं तथा उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त शुल्क और मीटर किराया भी डाला जा रहा है। संगठन ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और



ओवर बिलिंग की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।

किसान यूनियन ने यह भी मांग रखी कि जिन उपभोक्ताओं के यहां बिजली उपयोग कम है, उनके बढ़े हुए बिलों की जांच की जाए तथा बिलिंग प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता लागू की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रीपेड मीटर लागू करने का निर्णय स्वागत योग्य हो सकता है, लेकिन जब तक उपभोक्ताओं की मौजूदा समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक जनता परेशान होती रहेगी।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा बड़ा एवं अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और विद्युत विभाग की होगी। इस संबंध में, फतेहाबाद के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कटियार ने बताया कि तीन-चार महिलाओं की समस्याओं का समाधान करा दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रीपेड मीटर से संबंधित समस्या अब समाप्त हो गई है और अगले बिल पोस्टपेड आधार पर आएंगे। कटियार ने आश्वासन दिया कि अन्य लोगों की समस्याओं की जांच कर उनका भी समाधान कराया जाएगा।

# सातवें दिन मिला लापता युवक, पिता के खाते से निकाले थे 55 हजार रुपये

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के गांव मंडी मिर्जा खा से पिता के खाते से 55 हजार रुपये निकालकर लापता हुआ युवक को सातवें दिन पुलिस ने आगरा के भोगीपुरा क्षेत्र से बरामद कर लिया।

युवक ने पूछताछ में बताया कि परिजन उसे घूमने-फिरने के लिए बाहर नहीं जाने देते थे, इसलिए रुपये मिलने पर वह जयपुर, धौलपुर और अजमेर घूमने चला गया था।

जानकारी के अनुसार मंडी मिर्जा खा निवासी छोटू पुत्र गुलटू खान बीते दिनों पिता के खाते से 55 हजार रुपये निकालने के बाद अचानक गायब हो गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई थी। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि युवक आगरा के भोगीपुरा स्थित अपनी बहन के घर पहुंचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को बरामद कर लिया।

पूछताछ में युवक ने बताया कि




घूमने-फिरने के दौरान अधिकांश रुपये खर्च हो गए। पुलिस ने युवक के पास से 55 हजार रुपये में से करीब आठ हजार रुपये बरामद किए हैं। शेष रकम युवक द्वारा यात्रा और अन्य खर्चों में खर्च कर दी गई।

थाना पुलिस ने युवक के बयान दर्ज करने के बाद उसे परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।

# दूरा चौकी पर नवागत आरक्षियों का स्वागत

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र की दूरा पुलिस चौकी पर तैनात किए गए नए आरक्षियों का पुरुषार्थ सेवा संगठन की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पुष्पमालाएं पहनाकर पुलिसकर्मियों का अभिनंदन किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने तथा पुलिस-जनसहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। संगठन पदाधिकारियों ने नवागत आरक्षियों से जनहित एवं सामाजिक समन्वय की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया। संगठन के सदस्यों ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच



बेहतर तालमेल से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और भाईचारे का वातावरण मजबूत होगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता एवं ग्रामीण समस्याओं के समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर जिगनेश कहरवार, विराट कहरवार, भूरी सिंह, विपिन अग्रवाल, चंद्रभान सिंह कहरवार, पदम सिंह (आरपीएफ), आजाद, यशवंत, सोनू, रंजीत, सोनवीर पैलवार, जितेंद्र राणा और जगमोहन कहरवार आदि मौजूद रहे।

# दो माह से वेतन न मिलने पर संविदा कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन, 21 मई से हड़ताल की चेतावनी

एनएनआई

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने के विरोध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि मार्च और अप्रैल माह का वेतन अब तक नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियों के परिवारों के सामने संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई कर्मचारियों को दैनिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई



हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की कि 20 मई तक लंबित वेतन का भुगतान कराया जाए। यदि तय समय सीमा तक वेतन नहीं मिला तो 21 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भी भेज दी गई है। जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को मजबूती से रखा। इस दौरान राहुल, डॉ. कपिल, डॉ. सुजाता, डॉ. अंबिका, विवेक त्रिपाठी, डॉ. शालिनी, ऋषि पाठक, दामोदर सिंह, विशाल सक्सेना, पंकज कुमार, पवन कुमार और गजेंद्र सिंह सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरे पेड़ काटने का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

एनएनआई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम धौर्रा में खेतों से हरे पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को गांव के कई ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि मौजा धौर्रा स्थित गाटा संख्या 6ख/0.5990 हेक्टेयर भूमि में शीशम, बबूल, बिलायती बबूल तथा अरूआ के करीब 30 हरे पेड़ खड़े थे। आरोप है कि बुधवार



रात गांव के ही कुछ लोगों ने आरी से पेड़ों को काट दिया। इसके बाद गुरुवार को मौके पर जेसीबी भी चला दी गई, जिससे खेत की भूमि को भी नुकसान पहुंचा है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पूरी घटना की वीडियो उनके पास मौजूद है। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो कटे हुए पेड़ों की लकड़ियां वहीं पड़ी मिलीं, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यशपाल सिंह, रूमाल सिंह, विनोद कुमार, योगेन्द्र और वीरेन्द्र निवासी धौर्रा ने जबरन पेड़ कटवाए हैं।

शिकायत करने वालों में सुरेश चंद धनगर, राजेन्द्र सिंह, दिनेश, अवधेश, सत्यप्रकाश, अचल सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी विशाल सिंह राठौर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 'मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है भगवान शिव की आराधना'

एनएनआई

**बाह।** भूतेश्वर महादेव मंदिर खेडा देवीदास पर शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को सुदर्शन महाराज ने भगवान शिव की महिमा पर प्रवचन करते हुए बताया कि 'मनुष्य के उद्धार के लिए धर्म और ज्ञान से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं है. धर्म को न मानने वाले लोग अधर्मी और अशुद्ध होते हैं।' उन्होंने धर्म और ज्ञान से जुड़ी हुई बातों से भक्तों को अवगत कराया और कहा कि 'इस भूतल पर कल्याण के लिए इस कथा से उत्तम दूसरा कोई साधन नहीं है। महापुराण के पठन अथवा ज्ञान से अवश्य ही पापी, दुराचारी लोग शुद्ध हो सकते हैं। प्राचीन इतिहास का वर्णन मुनियों ने कुछ इस प्रकार से दिया है, जिसके श्रवण या पठन से पापों का संपूर्ण नाश हो जाता है।' 'भगवान शिव की आराधना मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है। इंसान को भगवान शिव की निर्मल मन से उपासना करनी चाहिए।' आज का इंसान सांसारिक मोह माया में उलझा हुआ है, जिसकी वजह से वो जीवन काल तक इधर से उधर भटकता रहता है।'

## संपादकीय

# प बंगाल में चला भाजपा का नैरेटिव

पश्चिम बंगाल में इस बार भारतीय जनता पार्टी का नैरेटिव भी चल गया और उसका बारीक प्रबंधन भी कामयाब हो गया। भाजपा ने बंगाल का किला फतह कर लिया। ममता बनर्जी चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हो गईं।पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली बड़ी जीत का विश्लेषण कई पहलुओं से किया जा सकता है। भाजपा को यह संदेश बनवाना था कि वह चुनाव जीत रही है, जो कि उसने बनवा दिया। दूसरा, यह भरोसा दिलाना था कि इस बार चुनाव से पहले, चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद कोई हिंसा नहीं होगी, यह भरोसा दिलाने में भी वह कामयाब हुई और तीसरा कि भाजपा व राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का हिंदुत्व किसी भी रूप में पश्चिम बंगाल के हिंदुत्व से अलग नहीं होगा, यह मैसेज भी आम हिंदुओं तक पहुंच गया। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के लिए जरूरी स्थितियां पहले से मौजूद थीं। राज्य में 27 फीसदी मुस्लिम आबादी थी, ममता बनर्जी की सरकार द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण के प्रत्यक्ष प्रमाण थे और बांग्लादेश से घुसपैठ व बढ़ती मुस्लिम आबादी से जनसंख्या संरचना बदलने का खतरा भी दिख रहा था। इन स्थितियों की मौजूदगी के बावजूद भाजपा नहीं जीत पा रही थी तो उसका कारण यह था कि हिंदुत्व को लेकर हिंदू समाज बंटा हुआ था और हिंदुओं के अंदर भय था। वे भरोसा नहीं कर पा रहे थे कि भाजपा चुनाव जीत रही है। इस बार भाजपा ने सबसे पहले भय को खत्म करने का प्रयास शुरू किया। इस काम में चुनाव आयोग ने बड़ी भूमिका निभाई।सवाल है कि हिंदुओं को कैसे भरोसा होता कि भाजपा जीत रही है? इसके लिए सबसे पहले उन स्थितियों को बदलना था, जिनके आधार पर तृणमूल की जीत पक्की मानी जाती थी। वह काम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर से शुरू हुआ। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की सफाई शुरू की।इसके बाद दूसरी स्थिति मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में एकतरफा वोट होने की थी। तार्किक विसंगति के नाम पर जब 27 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटे और यह खबर आई कि मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तरी दिनाजपुर इलाकों में सबसे ज्यादा नाम रोके गए हैं तो उससे भी धारणा प्रभावित हुई। भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल के फर्जी मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।इस तरह हिंदुओं को भाजपा की जीत का भरोसा दिलाने के बाद उनको यह यकीन दिलाने की



जरुरत थी कि हिंसा नहीं होगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने अभूतपूर्व तरीके से ढाई लाख केंद्रीय अर्धसैनिक बल तैनात किए। चुनाव आयोग ने खुद सोशल मीडिया में तृणमूल कांग्रेस का नाम लेकर लिखा कि इस बार भय मुक्त, हिंसा मुक्त चुनाव होगा।केंद्रीय बलों की तैनाती, केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती, सुपरवाइजर की नियुक्ति और इन सबको देख कर तृणमूल कांग्रेस की हताशा ने हिंदुओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके बाद बारी थी भाजपा और पश्चिम बंगाल का हिंदुत्व अलग अलग होने की धारणा को बदलने की। भाजपा ने इसके लिए गंभीर प्रयास किए। उसके नेता मछली हाथ में लेकर प्रचार करने उतरे। उसके नेताओं ने सार्वजनिक रूप से मांस, मछली खाकर दिखाया। यह संदेश दिया कि तृणमूल कांग्रेस की ओर से भाषा, संस्कृति और धर्म को लेकर जो भय दिखाया जा रहा है वह झूठ है। इसका असर भी हिंदुओं पर हुआ। ममता बनर्जी को बाहरी और भीतरी का नैरेटिव बनाने का भी मौका नहीं मिला।पश्चिम बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएगा, मुस्लिम घुसपैठिए बढ़ कर सारे संसाधनों पर कब्जा कर लेंगे, ममता बनर्जी मुसलमानों का तुष्टिकरण करती हैं ये सारे नैरेटिव पहले से थे। लोग इससे प्रभावित होकर भाजपा को वोट कर रहे थे। पिछले दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में भाजपा को औसतन 40 फीसदी वोट मिला। यह पूरा का पूरा वोट हिंदुओं का था। उसे इस वोट में 10 फीसदी और हिंदू वोट जोड़ना था। जैसे ही उसने जीत की धारणा बनवाई और हिंसा नहीं होने का भरोसा दिलाया वैसे ही उसका पहले से मौजूद हिंदुत्व का नैरेटिव चुनाव जिताने वाला बन गया और भाजपा से दूरी रखने वाले हिंदुओं का बड़ा समूह भी उसके साथ आ गया।भाजपा ने अलग अलग जातियों, धर्मों और क्षेत्र के लोगों को बंगाल भेजा गया, जिन्होंने वहां जमीनी स्तर पर काम किया। सिख समुदाय के नेता भेजे गए तो राजस्थान व गुजरात के नेता भी भेजे गए। बिहार के नेताओं को ऐसे इलाकों में लगाया गया, जहां प्रवासी बिहारी वोट ज्यादा थे।बंगाल के बाहर काम करने वाले लोगों को लाने की व्यवस्था की गई। सभी सीटों पर ताकत लगाने की बजाय जीत सकने वाली सीटों को चुना गया।इस बार भाजपा ने हिंदुत्व और सनातन को बचाने का जो नैरेटिव सेट किया वह चल गया तो उसकी बाकी सारी चीजें भी असरदार हो गईं।

> खून की कमी यानि एनीमिया एक ऐसी हैल्थ प्रॉब्लम जो हर उम्र की महिला प्रभावित करती है लेकिन जब महिलाएं इसे लगातार नजर अंदाज करती हैं तो थकान कमजोरी और बार-बार सिरदर्द होने के संकेत मिल सकते हैं। अगर इसे समय पर पकड़ लिया जाए तो महिलाएं कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकती हैं और इसे पकड़ सकते हैं हैल्दी डाइट के जरिए।



# महिलाओं में बढ़ता एनीमिया

## लगातार थकान-कमजोरी और सिरदर्द रहता है तो लापरवाही ना बरतें

जैसे की हमने बताया कि एनीमिया ऐसी स्वास्थ समस्या है जिसमें शरीर में खून की कमी हो जाती है या हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से काफी कम हो जाता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व है, जो शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब आयरन की कमी होती है तो पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बन पाता और शरीर में कमजोरी आने लगती है। महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अधिक शिकार होती है जिसके पीछे कई तरह के कारण जुड़े हो सकते हैं। चलिए महिलाओं में एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानते हैं।

महिलाओं के शरीर में कुछ ऐसे बायोलॉजिकल फैक्टर होते हैं जो एनीमिया का कारण बनते हैं। वहीं खराब लाइफस्टाइल भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है।

**1. पीरियड्स:** पीरियड्स महिलाओं में एनीमिया का सबसे बड़ा कारण हैं। हर महीने पीरियड्स के दौरान शरीर में खून की कमी होती है। जिन महिलाओं को हेवी ब्लीडिंग होती है, इसी वजह से आयरन की कमी हो सकती हैं और अगर महिला का खानपान सही नहीं है तो आयरन की कमी से कमजोरी आने लगती है।

**2. प्रेग्नेंसी:** प्रेग्नेंसी में भी ये दिक्कत आ सकती है क्योंकि इस समय मां और बच्चे दोनों के लिए एक्स्ट्रा पोषण की जरूरत होती है। यदि प्रेग्नेंट महिला पर्याप्त आयरन और पोषक तत्व न ले तो इसका खतरा बढ़ सकता है।


**3. गलत डाइट प्लान:** वजन कम करने के चक्कर में महिलाएं बहुत कम खाती है या ऐसे डाइट प्लान फॉलो करती हैं जिसमें पोषण की कमी रहती हैं जरूरत जितना आयरन नहीं मिल पाता जिससे हीमोग्लोबिन की समस्या होने लगती है।

**4. लंबी हैल्थ प्रॉब्लम:** कुछ महिलाओं में बार-बार गर्भधारण, कमजोरी, खराब खानपान और लंबे समय तक बीमारी रहने के कारण भी एनीमिया हो सकता है।

### एनीमिया के लक्षण क्या हैं?

शुरूआत में एनीमिया के लक्षण हल्के होते हैं, इसलिए लोग इन्हें गंभीरता से नहीं लेते।

**थकान और कमजोरी:** सबसे सामान्य लक्षण लगातार थकान, पर्याप्त आराम करने के बाद भी कमजोरी महसूस होना है। कई महिलाएं पूरे दिन सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस करती हैं।



**त्वचा की चमक कम होना:** त्वचा का पीला पड़ना भी एनीमिया का संकेत है। चेहरे, होंठों और आंखों की अंदरूनी पलकों में पीलापन दिखाई दे सकता है।

**चक्कर और सिरदर्द:** कुछ महिलाओं को चक्कर आना, सिरदर्द या अचानक कमजोरी महसूस होती है। सीढ़ियां चढ़ने या थोड़ा काम करने पर सांस फूलना भी एक सामान्य लक्षण है।

**फोकस की कमी:** अगर फोक्स करने में कमी हो रही हैं, दिल की धड़कन तेज होना, हाथ-पैर ठंडे रह रहे हैं तो यह भी एनीमिया का संकेत हो सकता है।

**बाल और नाखून कमजोर होना:** बालों का झड़ना और नाखूनों का कमजोर होना भी आयरन की कमी से हो सकता है। कई बार नाखून चम्मच जैसे आकार के हो जाते हैं।

**मिट्टी-बर्फ या चॉक खाने की इच्छा होना:** कुछ लोगों में बर्फ, मिट्टी या चॉक जैसी चीजें खाने की इच्छा होती है। यह गंभीर आयरन की कमी का संकेत हो सकता है।

### पहचान कैसे करें

ब्लड टेस्ट की मदद से एनीमिया की सही जांच हो सकती हैं हालांकि कुछ संकेत भी पहचाने जा सकते हैं जिसे इग्नोर नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और इलाज से एनीमिया की समस्या जल्दी ठीक हो सकती है। जैसेः

अगर आंखों की अंदरूनी पलकें हल्की गुलाबी की जगह सफेद या बहुत पीली दिखें।

अगर हर समय थकान महसूस हो और आराम करने के बाद भी शरीर में एनर्जी ना रहे।

सीढ़ियां चढ़ने, तेज चलने या हल्का काम करने पर ज्यादा सांस फूलना भी एनीमिया का संकेत हो सकता है।

नाखूनों का रंग फीका पड़ना, उनका टूटना या चम्मच जैसा आकार होना भी आयरन की कमी को दशार्ता है।

### एनीमिया के रोगी क्या खाएं ?

एनीमिया से बचने में सही खानपान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, सरसों और बथुआ आयरन के अच्छे स्रोत हैं। इन्हें नियमित अपनी डाइट में शामिल करें।

दालें, चना, राजमा और बीन्स शरीर को आयरन और प्रोटीन दोनों देते हैं। अंकुरित अनाज भी फायदेमंद होते हैं।

नॉन वेजिटेरियन लोग अंडा और चिकन खा सकते हैं। ये शरीर में जल्दी आयरन बढ़ाने में मदद करते हैं।

गुड़, खजूर, किशमिश और अनार जैसे खाद्य पदार्थ भी खून बढ़ाने में सहायक हैं। इन्हें डाइट में शामिल करें।

विटामिन सी भी आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है इसलिए नींबू, संतरा, आंवला और अमरूद जैसे फल खाएं।

भोजन के तुरंत बाद चाय या कॉफी ना पीएं। इससे भी आयरन सही तरीके से अवशोषित नहीं हो पाता।

### हेल्दी आदतें अपनाना जरूरी

एनीमिया में सिर्फ दवाई नहीं अच्छी लाइफस्टाइल को अपनाना भी जरूरी है। समय पर संतुलित भोजन करें जिसमें आयरन, प्रोटीन और विटामिन से भरपूर चीजें शामिल हो।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# मेट गाला में ईशा अंबानी के 'आम' ने खींचा ध्यान

## 95 लाख रुपये बताई जा रही कलाकृति की कीमत, सोशल मीडिया पर छिड़ी चर्चा

ईशा अंबानी का मेट गाला 2026 लुक इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा में है। उनके पहनावे और हीरों से जड़े आभूषणों के साथ एक खास चीज ने सबसे ज्यादा लोगों का ध्यान खींचा। यह था उनके हाथ में नजर आया 'आम'। शुरूआत में कई लोगों ने इसे असली आम समझ लिया, लेकिन बाद में पता चला कि यह मशहूर कलाकार सुबोध गुप्ता की चर्चित 'आम आदमी' श्रृंखला से जुड़ी एक खास कलाकृति है। स्टील से बनी इस हाइपर-रियलिस्टिक मूर्ति को क्रोशिया बैग में रखा गया था, जिससे यह बिल्कुल असली आम जैसी दिखाई दे रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस खास कलाकृति की कीमत करीब 95 लाख रुपये बताई जा रही है। जैसे ही इसकी कीमत सामने आई, सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। कई लोगों ने इसे अनोखा और कलात्मक बताया, जबकि कुछ लोग इतनी महंगी कलाकृति को लेकर हैरानी जताते नजर आए। मेट गाला में ईशा अंबानी ने डिजाइनर गौरव गुप्ता का तैयार किया गया विशेष परिधान पहना था, जो राजा रवि वर्मा की प्रसिद्ध पेंटिंग 'पद्मिनी' से प्रेरित बताया गया। कलाकार सुबोध गुप्ता ने एक बातचीत में बताया कि 'आम' उनकी करीब 20 साल पुरानी कलाकृति श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 'आम' और 'आम आदमी' शब्दों के बीच का संबंध उन्हें हमेशा आकर्षित करता रहा है और यही इस कला का मूल विचार है। ईशा अंबानी का लुक सिर्फ आम की वजह से ही नहीं, बल्कि निजाम के सरपेच को अलग अंदाज में पहनने को लेकर भी चर्चा में रहा। हैदराबादी शाही परंपरा में सरपेच को सम्मान और गौरव का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में कुछ लोगों ने उसके इस्तेमाल के तरीके पर सवाल भी उठाए। मिले-जुले प्रतिक्रियाओं और बहस के बीच ईशा अंबानी का यह अंदाज मेट गाला 2026 की सबसे चर्चित फैशन झलकियों में शामिल हो गया है।







# सोशल मीडिया पर घिरीं राशा थडानी, कथित हेट कमेंट्स के स्क्रीनशॉट वायरल

## अहान पांडे और अनीत पड्डा को लेकर चर्चा तेज, रेडिट पर छिड़ी बहस

राशा थडानी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ स्क्रीनशॉट्स को लेकर चर्चा में आ गई हैं। रेडिट पर साझा किए गए इन स्क्रीनशॉट्स में दावा किया गया है कि वह एक ऐसे इंस्टाग्राम अकाउंट को फॉलो कर रही थीं, जिस पर अभिनेता अहान पांडे और अभिनेत्री अनीत पड्डा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं। वायरल स्क्रीनशॉट्स में कथित तौर पर उस अकाउंट द्वारा किए गए कुछ कमेंट्स भी दिखाई दिए, जिन्हें लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई। एक टिप्पणी में अहान पांडे और अनीत पड्डा के रिश्ते को लेकर टिप्पणी की गई थी, जबकि दूसरी में अभिनेता की निजी जिंदगी को लेकर बयान लिखा गया था। इन स्क्रीनशॉट्स के सामने आने के बाद रेडिट और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर बहस तेज हो गई। हालांकि अब तक राशा थडानी या संबंधित कलाकारों की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। अहान पांडे और अनीत पड्डा ने फिल्म सैयारा से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म की सफलता के बाद दोनों कलाकारों के रिश्ते को लेकर भी लगातार चचाएं होती रही हैं। हालांकि दोनों ने कभी सार्वजनिक रूप से इन खबरों की पुष्टि नहीं की। वहीं राशा थडानी ने फिल्म आजाद से बॉलीवुड में पदार्पण किया था।



# कोलकाता ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया

## फिन एलन का शानदार शतक

नई दिल्ली। अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी की घातक गेंदबाजी के बाद फिन एलन की धुआंधार बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पथुम निसांका की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# डोप टेस्ट नहीं देने पर मुश्किल में यशस्वी और शेफाली, नाडा ने भेजा नोटिस

- तय ठिकाने पर नहीं मिले दोनों खिलाड़ी, पहला 'मिस टेस्ट' दर्ज



**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा डोप टेस्ट से जुड़ी प्रक्रिया में चूक के कारण मुश्किल में घिर गए हैं। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने दोनों खिलाड़ियों को नोटिस जारी करते हुए उनके खिलाफ पहला 'मिस टेस्ट' दर्ज किया है। नाडा के अनुसार दोनों खिलाड़ी उसके रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल हैं। ऐसे खिलाड़ियों को डोप जांच के लिए अपने ठिकाने और तय समय की जानकारी एजेंसी को देनी होती है, ताकि डोप कंट्रोल अधिकारी कभी भी नमूना लेने पहुंच सके। नोटिस के मुताबिक, बीते वर्ष 17 दिसंबर को यशस्वी जायसवाल और सात नवंबर को शेफाली वर्मा के तय स्थान पर डोप कंट्रोल अधिकारी पहुंचे थे, लेकिन दोनों खिलाड़ी वहां मौजूद नहीं मिले। इसके बाद नाडा ने फरवरी में दोनों खिलाड़ियों से जवाब मांगा, हालांकि एजेंसी को कोई उत्तर नहीं मिला। नाडा ने अब दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ व्हेयरअबाउट फेल्योर के तहत पहला मिस टेस्ट दर्ज कर लिया है। हालांकि दोनों खिलाड़ियों को अपनी सफाई देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। एंटी डोपिंग नियमों के अनुसार यदि किसी खिलाड़ी के खिलाफ 12 महीने के भीतर तीन मिस टेस्ट दर्ज होते हैं, तो उसे नियम उल्लंघन का दोषी माना जा सकता है। सुनवाई में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर खिलाड़ी पर दो वर्ष तक का प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

मामले की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को भी भेज दी गई है। ऐसे में दोनों खिलाड़ियों को आगे बेहद सतर्क रहना होगा। नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में इस समय कई प्रमुख भारतीय क्रिकेटर शामिल हैं, जिनमें शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, केएल राहुल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, दीप्ति शर्मा और रेणुका ठाकुर जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।



# आईपीएल में बीसीसीआई की बढ़ी सख्ती

## चहल के कथित वेपिंग विवाद के बाद अर्शदीप को दिए गए निर्देश, नई गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अनुशासन और सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कथित वेपिंग विवाद के बाद पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को व्लॉगिंग बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अर्शदीप सिंह के एक ट्रैवल व्लॉग में युजवेंद्र चहल टीम की उड़ान के दौरान कथित तौर पर वेपिंग करते दिखाई दिए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो क्लिप में चहल अपनी हथेली के नीचे कुछ छिपाते नजर आए, जिसके बाद धुएं जैसा दृश्य दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि मूल वीडियो बाद में संपादित कर दिया गया और संबंधित हिस्सा हटा लिया गया, लेकिन तब तक इसके कई हिस्से सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके थे। हालांकि इस पूरे मामले पर अब तक बीसीसीआई या पंजाब किंग्स की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में वेपिंग से जुड़ा यह दूसरा मामला माना जा रहा है। इससे पहले रियान पराग पर न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान ड्रेसिंग रूम में कथित वेपिंग का आरोप लगा था। उस मामले में उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट अंक भी दिया गया था।



# शनिवार, 09 मई राशिफल

आज करियर और जिम्मेदारियों को लेकर आपका फोकस काफी मजबूत रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। पुराने अधूरे काम पूरे करने में सफलता मिल सकती है। जल्दबाजी से बचकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना लाभकारी रहेगा।

आज भाग्य और आत्मविश्वास आपका साथ देंगे। शिक्षा, करियर और नई योजनाओं में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। बुजुर्गों या अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं और रुका हुआ धन मिलने की संभावना है।

आज का दिन आत्ममंथन और गहरे विचारों में बित सकता है। किसी पुराने तनाव या उलझन का समाधान मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में जोखिम लेने से बचना बेहतर रहेगा। करियर में धैर्य और समझदारी से काम लें, तभी सफलता मिलेगी।

आज रिश्तों और साझेदारी के मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी और नए अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी या करीबी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बनेगा। भावनाओं में बहने के बजाय प्रैक्टिकल सोच अपनाना लाभकारी रहेगा।

आज मेहनत और अनुशासन से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स आपके काम की सराहना करेंगे। रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें और दिनचर्या संतुलित रखें।

आज रचनात्मकता और बुद्धिमानी से आपको लाभ मिलेगा। शिक्षा, करियर और नए आइडियाज में सफलता मिलने के योग हैं। छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आर्थिक मामलों में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन जोखिम भरे निवेश से बचें।

आज आपका ध्यान घर-परिवार और निजी जीवन पर अधिक रहेगा। पारिवारिक मामलों में संतुलन और समझदारी बनाए रखना जरूरी होगा। कार्यभार बढ़ सकता है, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लेना लाभकारी रहेगा।

आज आपका आत्मविश्वास और साहस बढ़ा हुआ रहेगा। नई योजनाओं और कार्यों की शुरूआत के लिए दिन अच्छा है। भाई-बहनों और करीबी लोगों का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयम रखें, वरना गलतफहमियां बढ़ सकती हैं। छोटी यात्राओं से भी लाभ मिलने की संभावना है।

आज आर्थिक मामलों में सतर्कता और योजना बनाकर चलना जरूरी रहेगा। परिवार और धन से जुड़े फैसलों में समझदारी दिखाएं। पार्टनरशिप से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। घर के माहौल में थोड़ा तनाव रह सकता है, इसलिए धैर्य रखें।

आज आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को महत्व मिलेगा और लोग आपकी सलाह मानेंगे। अधूरे काम पूरे करने में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों और पारिवारिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

आज आत्ममंथन और मानसिक शांति की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। पुराने तनाव और चिंताओं से बाहर निकलने की कोशिश करेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। आध्यात्मिक कार्यों और ध्यान से मन को राहत मिलेगी।

आज सामाजिक संपर्क और नेटवर्किंग से आपको लाभ मिलेगा। करियर में नए अवसर मिलने की संभावना है। दोस्तों और सहयोगियों का साथ आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# जादुई शाम कलमकारों के नाम

### जादु अंधविश्वास नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक सोच

- कलम के जादुगरों ने देखी जादू की तिलिस्मी दुनिया
- ताज प्रेस क्लब के पत्रकारों ने परिवार संग देखा जादूगर ओपी शर्मा का जादुई अंदाज

एनएनआई



**आगरा।** सूर सदन में जादूगर ओपी शर्मा जूनियर ने पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए विषय शो आयोजित कर रोमांचित कर दिया। ताज प्रेस क्लब के साथ पत्रकार परिवार के लिए आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष बंसल समेत शहर के कई वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। जादूगर ओपी शर्मा जूनियर ने अपनी कला के जरिए हवा में अचानक फूलों की माला प्रकट कर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल और ताज प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज मिश्रा का स्वागत किया। इसके बाद ताज प्रेस क्लब की ओर से जिलाधिकारी को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया, जबकि ओपी शर्मा जूनियर को उनकी उत्कृष्ट कला के लिए सम्मान पत्र भेंट किया गया। शो के दौरान प्रस्तुत किए गए 'ड्रिल ऑफ डेथ' और 'तिलिस्मी चेहरा' जैसे करतब दर्शकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण रहे। ओपी शर्मा जूनियर ने कहा कि जादू को किसी भी तरह दैवीय शक्ति, चमत्कार या अंधविश्वास से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। जादू पूरी तरह विज्ञान और तकनीक पर आधारित कला है। उन्होंने कहा कि यदि कोई जादू को चमत्कार मानता है तो उसके ठगे जाने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जादू केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा और जागरूकता का माध्यम भी है। शर्मा ने कहा, 'जादू विज्ञान है। तंत्र-मंत्र जैसी कोई चीज नहीं होती। जादू का इस्तेमाल अंधविश्वास तोड़ने और लोगों को शिक्षित करने के लिए होना चाहिए। ताज प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए यह आयोजन यादगार रहा। उन्होंने कहा कि ओपी शर्मा जूनियर का शो केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विज्ञान और कला का अद्भुत संगम है। ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जादू एक बेहतरीन कला है, जिसे विज्ञान और तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि ओपी शर्मा जूनियर का शो लोगों को अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पूरी टीम को शानदार प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में आगरा के जाने-माने जादूगर अखिलेश जायसवाल और जतिन कुमार भी मौजूद रहे।

# सेठ अचल सिंह की 132वीं जयंती पर होगा भव्य समारोह

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय होंगे मुख्य अतिथि

**आगरा (एनएनआई)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी एवं पांच बार सांसद रहे सेठ अचल सिंह की 132वीं जन्म जयंती के अवसर पर अचल ट्रस्ट द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन 10 मई को माथुर वैश्य सभागार, पचकुइयां में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय राय होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन आदित्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा प्रीतम सिंह उपस्थित रहेंगे और अपने विचार व्यक्त करेंगे। अचल ट्रस्ट के मंत्री राजीव अग्रवाल और उपमंत्री एवं सेठ अचल सिंह के प्रपौत्र मनोज जैन वोहरा ने बताया कि समारोह में आगरा के प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी डवी सरीन को उनके सामाजिक योगदान एवं सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेठ अचल सिंह का जीवन जनसेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का प्रेरणास्त्रोत रहा है। उन्होंने सांसद रहते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, जिन्हें आज भी लोग आदरपूर्वक स्मरण करते हैं। समारोह में सेठ अचल सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

- मोती कटरा जैन मंदिर में 501 जिनबिंबों का पुण्यारोहण, आचार्य चैत्यसागर के प्रवचनों से गूंजा परिसर



**आगरा (एनएनआई)।** मोती कटरा स्थित श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सर्वांगभूषण आचाय चैत्यसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन श्रद्धा भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव के द्वितीय दिवस पर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा पूजन एवं हवन श्रद्धापूर्वक विधानाचार्य सतीश जैन सरल के निर्देशन में सानंद सम्पन्न हुआ। महोत्सव में भगवान सुपार्श्वनाथ,भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान महावीर स्वामी सहित 501 जिनविम्बों का पुण्यारोहण विधि- विधान एवं मंगल मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न कराया गया। इस दौरान सभी प्रतिमाओं को भव्य जुलूस के साथ मंदिर परिसर में लाया गया तथा श्रद्धालुओं द्वारा तीन परिक्रमाएं कराई गईं। इसके उपरांत सौभाग्य शाली परिवारों द्वारा नवीन वेदी पर श्रीजी की प्रतिमाओं को पूर्ण विधि- विधान,मंत्रोच्चार एवं भक्ति भाव के साथ विराजमान कराया गया। महोत्सव के समापन उपरांत सायंकाल आचार्य श्री चैत्यसागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार मोती कटरा से एम.डी. जैन इंटर कॉलेज के लिए श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आचार्य संघ का मंगल स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राकेश जैन पदेर्वाले,मनोज जैन, अनंत जैन,अनिल जैन,सुनील जैन, विजय जैन,संजीव जैन,जयंती प्रसाद जैन,दीपक जैन,मोनू जैन,सहित समस्त मोती कटरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, जीवों की रक्षा करना मानवता की पहचान



**आगरा (एनएनआई)।** फतेहाबाद रोड स्थित पंचवटी क्षेत्र, निखिल गार्डन, विभव ग्रांड एवं आसपास की कॉलोनियों में बढ़ती बे-सहारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने और उनके बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय सामाजिक पहल शुरू की गई है, क्षेत्रवासियों एवं समाजसेवियों के सहयोग से नगर निगम की टीम द्वारा कुत्तों की नसबंदी (बांझीकरण) एवं रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि, मानवता केवल इंसानों की सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि मूक पशुओं की रक्षा और उनकी देखभाल भी हमारा नैतिक कर्तव्य है,जब समाज मिलकर सेवा का संकल्प लेता है, तभी एक सुरक्षित और संतुलित वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान केवल कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि पशुओं को सुरक्षित जीवन देने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। नगर निगम की टीम के साथ विनीता एवं दीप्ति के सहयोग से चल रहे इस अभियान में पंचवटी क्षेत्र से श्याम भोजवानी , श्वेता चावला, रिंकू वालिया, अमन एवं निखिल, निखिल गार्डन से टीना जी तथा विभव ग्रांड से सरगुन कौर सलूजा, अमृतपाल सिंह, गौरव अग्रवाल एवं त्रिलोचन सिंह सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान मिल रहा है,

